आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)

रविवार 23.02.2025 समय 1830

मुख्य समाचार :–

- **आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– भारत तेजी से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में अपनी पहचान बना रहा है।**
- **प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड में राश्ट्रीय खेलों का भी जिक्र किया। कहा– उत्तराखंड, देश में एक मजबूत खेल शक्ति के रूप में उभर रहा है।**
- **केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी वितरण उपयोगिता रैंकिंग में उत्तराखंड ऊर्जा निगम को पहला स्थान मिला।**
- **अल्मोड़ा के एस.एस.जे. विश्वविद्यालय और बी.एच.यू. के शोधकर्ताओं ने कम दुश्प्रभाव वाली कैंसर की दवा की खोज की।**

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में भारत तेजी से अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। आकाशवाणी पर आज मन की बात कार्यक्रम में श्री मोदी ने कहा कि भारत के लोग नई प्रौद्योगिकी अपनाने में किसी से पीछे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के क्षेत्र में दुनिया भारत की प्रगति की सराहना कर रही है।

प्रधानमंत्री ने उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड, देश में एक मजबूत खेल शक्ति के रूप में उभर रहा है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खेलों के आयोजन ने देवभूमि के नए स्वरूप को पेश किया है। श्री मोदी ने कहा कि युवाओं की भागीदारी से अंतरिक्ष और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जैसे विभिन्न क्षेत्रों में नई क्रांति आ रही है। उन्होंने इस बात पर गर्व व्यक्त किया कि देश ने पिछले महीने इसरो के जरिए अपना 100वां रॉकेट छोड़ा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज हर आठ में से एक व्यक्ति मोटापे की समस्या से परेशान है। बीते वर्षों में मोटापे के मामले दोगुने हो गए हैं और इससे भी ज्यादा चिंता की बात यह है कि बच्चों में भी मोटापे की समस्या चार गुना बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि लोग अपने खान–पान की आदतों में कुछ बदलाव कर फिट रह सकते हैं।

मुख्यमंत्री मन की बात

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हरिद्वार के जगतगुरु आश्रम में प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने मन की बात कार्यक्रम में उत्तराखंड में हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों की बात करने पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया।

यूपीसीएल

उत्तराखंड ऊर्जा निगम– यूपीसीएल ने विशेष राज्यों की श्रेणी में एक बार फिर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। केंद्र सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा जारी वितरण उपयोगिता रैंकिंग में यूपीसीएल को पहला स्थान प्राप्त हुआ है, जबकि देशभर की 66 विद्युत वितरण कंपनियों की ओवरऑल रैंकिंग में इसे आठवां स्थान मिला है। हाल ही में दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में विद्युत मंत्रालय ने यूपीसीएल को यह सम्मान प्रदान किया।

कैंसर दवा अल्मोड़ा

अल्मोड़ा के सोबन सिंह जीना विश्वविद्यालय और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं ने कैंसर के इलाज की एक महत्वपूर्ण दवा "डॉक्सोरुबिसिन" के दुष्प्रभावों को कम करने के लिए एक नई शोध की है। इस दवा में प्राकृतिक तत्व फिस्टिन मिलाकर, उसके दुष्प्रभाव कम करने का अध्ययन किया गया। शोधकर्ताओं ने पाया कि इसके इस्तेमाल से केंसर सेल के ग्रोथ में काफी कमी आई। साथ ही इससे कैंसर के दुष्प्रभावों को रोकने में भी, सहायता मिली है। मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा शोध प्रोत्साहन योजना के तहत अल्मोड़ा के एसएसजे विश्वविद्यालय और बनारस हिंदू विश्वविद्यालय में बारी–बारी से ये शोध किया गया। सहायक शोधार्थी सुमित सिंह के अनुसार इस दवा के नतीजे बेहद असरकारी हैं। शोधकर्ता इसके क्लीनिकल ट्रायल पर भी विचार कर रहे हैं। यदि ये प्रयोग सफल होता है, तो भविष्य में कम दुष्प्रभाव वाली और प्रभावी कैंसर की दवा मिल सकती है।

बैठकी होली महोत्सव

चम्पावत जिले में पहली बार बैठकी होली महोत्सव का आयोजन किया गया। कलश संगीत कला समिति के तत्वावधान में जिला मुख्यालय चम्पावत में शास्त्रीय संगीत आधारित बैठकी होली महोत्सव का आयोजन किया गया। इसमें चम्पावत के विभिन्न स्थानों के साथ ही अल्मोड़ा, पिथौरागढ़ और नैनीताल से आये होल्यार दलों ने देर रात तक बैठकी होली का गायन कर लोगों को मंत्र मुग्ध किया।

हिमालय एक्सपो

हरिद्वार में आयोजित तीन दिवसीय हिमालयन एक्सपो व भारत डेवलपमेंट स्कीम एक्सपो आज सम्पन्न हो गया। एक्सपो में स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और किसानों को जैविक खेती करने के लिए प्रेरित करने पर जोर दिया गया। आयोजक बालेंद्र कुमार ने बताया कि एक्सपो में एम.एस.एम.ई. मंत्रालय, केंद्र सरकार द्वारा देश की लगभग 100 इकाइयों को भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया गया।